UPSI060012392022

# न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), सीतापुर

**पीठासीन अधिकारी– शिवांगी चौधरी (उ०प्र० न्यायिक सेवा) – UP03345**

**C.I.S. NO:820/2022**

**दीवानी वाद संख्याः671/2022**

## Krishna Pal Singh Vs. Ramnath Singh and others

**दिनांक: 01.10.2024**

पत्रावली पेश हुई। पुकार करायी गयी। उभयपक्ष मय विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित। उभयपक्षों द्वारा वाद बिन्दु विरचन पर बल दिया गया।

वादी एवं प्रतिवादीगण के अभिवचनों के आधार पर निम्नलिखित वाद बिन्दु विचरित किये गये–

**वाद बिन्दु**

1– क्या वादी वादीय अहाता जिसे वादपत्र के साथ संलग्न नक्शा नजरी में अक्षर अ,ब,स,द से प्रदर्शित किया गया है, तथा उससे संलग्न दक्षिण 8 फिट चौड़ी खुली जगह स्थित ग्राम सेरूकहा मजरा बम्भौरा परगना सीतापुर तहसील महोली जिला सीतापुर मालिक,काबिज व स्वामी है?

2– क्या वादी द्वारा वाद का मूल्यांकन कम किया गया है?

3– क्या वादी द्वारा प्रदत्त न्याय शुल्क अपर्याप्त है?

4– क्या वादी का वाद पक्षकारों के दुसंयोजन के दोष से बाधित है?

5– क्या वादी को कोई वाद का कारण उत्पन्न हुआ है?

6– क्या वादी वांछित अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी है?

उपरोक्त वाद बिन्दुओं के अतिरिक्त अन्य कोई वाद बिन्दु नहीं बनता है और न ही बनाये जाने पर उभयपक्ष द्वारा कोई बल दिया गया है।

पत्रावली वास्ते सुनवाई/निस्तारण वाद बिन्दु 2 व 3 दिनांक– 06.11.2024 को पेश हो।

**(शिवांगी चौधरी)**
सिविल जज (जू०डि०),
सीतापुर।
JO CODE:UP03345

*आकांक्षा/–*

Digitally signed by SHIVANGI CHAUDHARY
Date: 2024.10.01 16:52:05 IST
Reason: Document Owner
Location: CJJD